प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे देशभर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत बातचीत करेंगे। इस दौरान देशभर के 36 विद्यार्थी प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे। दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित कई प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन सहित व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव संजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

नेशनल गेम्स

देहरादून में चल रही 38वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश की पुरूष वर्ग की नेटबाल टीम ने तीसरे स्थान पर कब्जा करते हुए हुए प्रदेश को कांस्य पदक दिलाया है। पहली बार नेटबाल खेल में हिमाचल प्रदेश ने यह कांस्य पदक जीता है। वहीं नेशनल गेम्स में प्रदेश की महिला हैंडबाल टीम खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। कल खेले गए अंतिम लीग मैच में हिमाचल ने राजस्थान को 42–14 गोल के अंतर से हराया।

वर्क टू रूल

राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारी और अभियंता आज से वर्क टू रूल के तहत सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही काम करेंगे। कर्मचारियों और अभियंताओं के संयुक्त मोर्चा ने बोर्ड में हो रहे युक्तिकरण के विरोध में वर्क टू रूल के तहत काम करने का निर्णय लिया है। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सह संयोजक हीरा लाल वर्मा ने कहा कि बोर्ड कर्मी शिफ्ट टाईम के आलावा सेवाएं नहीं देंगे।

बाइट........हीरा लाल वर्मा सह संयोजग, ज्वाइंट एक्शन कमेटी

हीरा लाल वर्मा ने कहा बोर्ड प्रबंधन की नीतियों और निर्णय के खिलाफ मोर्चा 11 फरवरी को हमीरपुर में महा पंचायत का आयोजन करेगा।

शिविर

आज से प्रदेश के सभी शहरी निकायों में सार्वजनिक शिकायतों के समाधान के लिए वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए थे।

शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से लोगों को जहां स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा, वहीं उनकी बिजली, पानी, सडक, जैसी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिमला नगर निगम प्रशासन ने इन शिविरों के आयोजन के लिए अपनी दो महीने की कार्य योजना भी तैयार कर ली है।

<u>एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–फर्जी प्रमाणपत्र सत्यापित करने वाले अफसरों पर होगी एफआईआर–कार्मिक विभाग ने उपायुक्तों को दिए निर्देश। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–हिमाचल के नए लैंड सीलिंग कानून को राष्ट्रपति की मंजूरी। दैनिक भास्कर लिखता है–रोपवे, सोलर पावर प्लांट और ई–व्हीकल पर कार्बन क्रेडिट की दावेदारी करेगा हिमाचल।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने खबर दी है–संसाधन जुटाने के मकसद से साहसिक फैसले ले रही सुक्खू सरकार।